प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 25.08.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में कहा– गैर राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले युवाओं के राजनीति में प्रवेश से देश के भविष्य को बदलने में मिलेगी सहायता।
2. केन्द्र सरकार ने केन्द्रीय कर्मचारियों के लिये एकीकृत पेंशन योजना की घोषणा की : इस योजना से 23 लाख सरकारी कर्मचारियों को होगा लाभ।
3. भगवान श्रीकृष्ण क पांच हजार 251वें जन्मोत्सव पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज मथुरा में तीन दिवसीय महोत्सव का किया शुभारम्भ : कल सुबह कृष्ण जन्म स्थान में करेंगे दर्शन पूजन।

और

4. लखनऊ के इकाना स्टेडियम में रंगारंग समारोह के बीच यूपी–20 क्रिकेट लीग का हुआ आगाज : पहला मुकाबला काशी रूद्राक्ष और मेरठ मावरिक्स के बीच।

————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि देश के युवाओं को अंतरिक्ष क्षेत्र में सुधारों से काफी फायदा हुआ है। आज आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में बहुत कुछ ऐसा हो रहा है जिससे विकसित

भारत की नींव मजबूत हो रही है। उन्होंने कहा कि इस महीने 23 तारीख को देशवासियों ने पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस और चंद्रयान–3 की सफलता का जश्न मनाया। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह उपलब्धि हासिल करने वाला भारत विश्व का पहला देश बना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि स्पेकस इको–सिस्टम बहुत जीवंत हो रहा है। श्री मोदी ने स्पेस टैक स्टार्टअप गैलेक्सआई के सदस्यों के साथ बातचीत भी की।

श्री मोदी ने कहा कि इस वर्ष लाल किले से उन्होंने गैर राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले एक लाख युवाओं से राजनीतिक व्यवस्था में जुडने का आह्वान किया था। उन्होंने कहा कि इसका युवाओं पर जबरदस्त प्रभाव पडा है और बडी संख्या में युवा राजनीति में प्रवेश के लिए तैयार है।

हर घर तिरंगा अभियान के बारे में प्रधानमंत्री ने कहा कि जम्मू कश्मीर के रियासी में सात सौ 50 मीटर लंबे ध्वज के साथ चिनाब रेलवे पुल से तिरंगा रैली निकाली गई थी।

श्री मोदी ने कहा कि श्रीनगर में डल झील में भी तिरंगा यात्रा की मनमोहक तस्वीरें हम सबने देखी है।

प्रधानमंत्री ने लोगों से कैच द रेन मूवमेंट और 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान में भाग लेने का आग्रह किया। उन्होंने देशवासियों से अधिक से अधिक पौधे लगाने का अनुरोध भी किया। बाइट.........

*मैं आप सभी से बारिश के इस मौसम में सावधानी बरतने के साथ ही कैच द रैन मूवमेंट का हिस्सा बनने का भी आग्रह दोहराऊँगा। मैं आप सभी को 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान की याद दिलाना चाहूँगा। ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाएं और दूसरों से भी इसका आग्रह करें।*

कुछ दिन पहले आयोजित विश्व संस्कृत दिवस के बारे में श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि लिथुएनिया के एक प्रोफेसर वायतिस विदुनास ने एक अनूठा प्रयास किया है और इसे उन्होंने संस्कृत ऑन द रिवर्स नाम दिया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारे परिवार, समाज और देश का भविष्य हमारे बच्चों की सेहत पर निर्भर है और बच्चों की अच्छी सेहत के लिए जरूरी है कि उन्हें सही पोषण मिलता रहे।

श्री मोदी ने कहा कि अगले कुछ दिनों में पेरिस में पैरालिम्पिक्स शुरू हो रहे हैं। उन्होंने लोगों से हैश टैग चीयर फॉर भारत के साथ खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए कहा। बाइट.........

*हमारे दिव्यांग भाई–बहन वहां पहुचे हैं। 140 करोड़ भारतीय अपने एथलीट और खिलाड़ियों को चीयर कर रहे हैं। आप भी हैशटेग चीयर फोर भारत के साथ अपने खिलाड़ियों को प्रोत्साहन दीजिए।*

प्रधानमंत्री ने आगामी त्योहारों– जन्माष्टमी, गणेश चतुर्थी, ओणम, मिलाद–उन–नवी और तेलुगु भाषा दिवस के लिए लोगों को बधाई दी।

———————

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सरकारी कर्मचारियों के लिए एकीकृत पेंशन योजना को मंजूरी दे दी हैं। केन्द्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद कल नई दिल्ली में बताया कि इस योजना में न्यूनतम 25 वर्ष की सेवा पूरी करने वाले कर्मियों को आखिरी के 12 महीनों के मूल वेतन के औसत की पचास प्रतिशत राशि बतौर पेंशन दी जाएगी।

इसके अलावा, कर्मचारी के देहान्त के बाद परिवार पेंशन साठ प्रतिशत कर दी गई है। न्यूनतम 10 वर्ष की नौकरी के बाद सेवानिवृत्त होने पर कम से कम दस हज़ार रूपए पेंशन की गारंटी होगी। सुनिश्चित पंशन, परिवार पेंशन और न्यूनतम पेंशन पर महंगाई भत्ता भी देय होगा जो औद्योगिक कर्मियों पर लागू अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित होगा। सेवानिवृत्ति पर ग्रैच्युटी के अलावा एकमुश्त राशि का भुगतान भी किया जाएगा। श्री वैष्णव ने कहा कि इस योजना से लगभग 23 लाख सरकारी कर्मियों को लाभ होगा। यह योजना अगले वर्ष की पहली अप्रैल से लागू होगी।

सरकारी कर्मचारियों ने एकीकृत पेंशन योजना को मंजूरी देने के केंद्रीय मंत्रिमंडल के निर्णय का स्वागत किया है। उत्तर मध्य रेलवे के मुख्य जन सम्पर्क अधिकारी ए.के. त्रिपाठी ने कहा कि एकीकृत पेंशन योजना में पुरानी पेंशन स्कीम की विसंगतियों को दूर किया गया है। बाइट........

*कल जो कैबिनेट में यूपीएस स्कीम यूनिफाइड पेंशन स्कीम लागू की है इसका सभी हम रेल कर्मचाारी एवं सभी केन्द्र सरकार के कर्मचारी बहुत–बहुत स्वागत करते है। स्कीम की खास बात यह है कि जो पहले एनपीएस को लेकर कर्मचारियों में जो एक संदेह रहता था कि जब वो रिटायर्ड होंगे तो उनको क्या पेंशन मिलेगी, इसको लेकर वो निश्चित नहीं रहते थे। क्योंकि वो मार्केट लिंक्ड थी, इसलिये एक इंश्योर्ड पेंशन की गारंटी नहीं थी, जबकि यूनिफाइड पेंशन स्कीम में एक 50 परसेंट एश्योर्ड पेंशन की गारंटी दे दी गई है, जोकि कर्मचारियों के लिये एक बहुत राहत भरी मांग है। हम लोग केन्द सरकार को एवं अपने माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इस बात के लिये बहुत–बहुत धन्यवाद करते है। 25 वर्ष की क्वालीफाइन सर्विस के बाद सभी कर्मचारियों को फिफ्टी परसेंअ इंश्योर्ड पेंशन प्राप्त होगी। इसके अलावा जो 10 साल की सर्विस करने के बाद भी एक दस हजार रूपये मिनिमम पेंशन की गारंटी मिल रही है ये एक बहुत ही स्वागत योग्य  कदम है।*

——————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज आन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————

भगवान श्रीकृष्ण के 5 हजार 251वें जन्मोत्सव पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज मथुरा में तीन दिवसीय

महोत्सव का गुब्बारा उड़ाकर शुभारम्भ किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने एक हजार 37 करोड़ रुपये की 178 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इसमें बरसाना रोप–वे, यमुना में क्रूज, लक्ष्मण शहीद स्मारक प्रेक्षागृह, मल्टीलेवल पार्किंग, बरसाना कोसी गोवर्धन मार्ग का चौड़ीकरण सहित अन्य प्रमुख परियोजनाएं शामिल हैं। समारोह के दौरान मुख्यमंत्री ने फिल्म अभिनेत्री पद्मिनी कोल्हापुरी के भजन एलबम का विमोचन भी किया। समारोह में सांसद हेमामालिनी और पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

श्रीकृष्ण जन्मोत्सव समारोह के लिये मथुरा को भव्य लाइटों से सजाया गया है। मुख्यमंत्री कल सुबह श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर कृष्ण जन्म स्थान में दर्शन पूजन कर आगरा के लिये रवाना हो जायेंगे।

श्रीकृष्ण जन्म सेवा संस्थान के सचिव कपिल शर्मा ने बताया कि श्रीकृष्ण जन्मोत्सव 26 अगस्त को मनाया जायेगा। इससे पूर्व आज शाम घंटे घड़ियाल की मंगल ध्वनि के बीच श्रीकेशव देव जी और श्रीराधा कृष्ण युगल सरकार को दिव्य पोशाक और नव रत्न जड़ित कंठा अर्पित किये गये।

———————

यूपी टी–20 क्रिकेट लीग के दूसरे संस्करण का आज लखनऊ के अटल बिहारी बाजपेयी इकाना स्टेडियम में रंगारंग कार्यक्रम के साथ आगाज हो गया है। समारोह में रैपर बादशाह के अलावा अभिनेता आयुष्मान खुराना और कृति सेनन ने अपनी प्रस्तुति से लोगों का मंत्रमुग्ध कर दिया। उद्घाटन समारोह के बाद टी–20 लीग के मुकाबले शुरू हो जायेंगे। इस लीग में छह टीमें भाग ले रही हैं। 14 सितम्बर तक चलने वाले इस लीग में 34 मैच खेले जायेंगे। उद्घाटन समारोह के बीच टी–20 लीग का पहला मुकाबला आज अब से कुछ देर बाद गत विजेता रही काशी रूद्राक्ष की टीम और उप विजेता मेरठ मावरिक्स के बीच होगा। इकाना स्टेडियम के आसपास आज से 14 सितम्बर तक यातायात में बदलाव किया गया है। पुलिस की ओर से लोगों से वैकल्पिक मार्गो का इस्तेमाल करने की अपील की गई है।

——————

उत्तर प्रदेश में पुलिस भर्ती परीक्षा का आज तीसरा दिन था। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच आज यह परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई। हरदोई में तीसरे दिन 7 हजार 872 अभ्यर्थियों ने 11 केंद्रों पर परीक्षा दी। परीक्षा को लेकर आलाधिकारी परीक्षा केंद्रों पर नजर बनाए हुए थे। वहीं अमरोहा में भी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पुलिस भर्ती परीक्षा हुई। यहां 9 परीक्षा केंद्रों पर कुल 8

हजार 544 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। पुलिस भर्ती परीक्षा अब 30 और 31 अगस्त को दो पालियों में करवाई जाएगी।

—————————

पिछड़ेपन का धब्बा मिटाकर उत्तर प्रदेश के श्रावस्ती जनपद के जमनहा ब्लॉक ने आकांक्षी ब्लॉकों में बेहतर प्रदर्शन करते हुए देश में पहला स्थान हासिल किया है। वहीं उत्तर भारत जोन में हरदोई जिले के संडीला ने पहला स्थान, जबकि अमेठी जिले के जगदीशपुर ब्लॉक को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि यहां के अनुशासित लोगों और प्रशासन के समर्पण तथा कड़ी मेहनत का प्रमाण है।

(समाप्त)